# बसंत पंचमी पर राजधानी सरस्वती पूजा और शिक्षारंभ के आयोजनों में डूबी रही


गुफा मंदिर


भारत माता चौराहा


भवानी चौक सोमवारा


महर्षि विद्या मंदिर रतनपुर


दीनदयाल कालोनी


बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता

# श्रद्धा से मनाया गया बसन्तोत्सव

**भोपाल (काप्र)।**

**बैरसिया रोड स्थित दीनदयाल कालोनी में संचालित सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या की देवी सरस्वती के जन्मोत्सव का पर्व बसंत पंचमी श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सरस्वती पूजन, हवन और आरती का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में विद्यर्थियों को विद्यारम्भ संस्कार के लिये अक्षर पूजन भी कराई गई। विद्यारम्भ संस्कार कृष्णकुमार दुबे ने कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी बालचंद्र हवेलिया ने की, जबकि तेजस जनकल्याण समिति के अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता, कन्हैया लाल श्रीमाली, अशोक रोहरा विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुये। अतिथियों ने बसन्तोत्सव पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य, दीदी, विद्यार्थी और उनके अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## पीसीसी में मां सरस्वती का पूजन

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी में बसंत पंचमी के अवसर पर बुद्धि की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। पूजन कार्यक्रम में मीडिया उपाध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता, मीडिया समन्वयक नरेंद्र सलूजा,प्रवक्ता मिथुन अहिरवार, विक्की खोंगल, सिद्धार्थ राजावत, अब्बास हफीज, अवनीष बुंदेला, सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। पूजन में 'या कुंदेन्दु तुषार हार धवला' प्रार्थना गाई गयी।

## महर्षि विद्यामंदिर रतनपुर में उत्सव

महर्षि विद्या मंदिर रतनपुरए में वसंतपंचमी महोत्सव एवं खादी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ गुरु पूजा से हुआ। इसके बाद सरस्वती वंदना पथ सुविचार आदि दैनिक क्रिया-कलाप सम्पन्न किए गए। इस अवसर पर 11वीं की छात्रा नीतू शर्मा ने वसंतपंचमी के महत्व पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया। वरिष्ठ वर्ग के शैक्षणिक प्रभारी दिनेश शर्मा ने खादी एवं स्वदेशी के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। कक्षा नवीं एवं एवं ग्यारहवीं के छात्रगण ने लोक प्रार्थना एवं अन्य प्रस्तुतियों से इस आयोजन को भक्तिमय एवं मनमोहक बना दिया। माध्यमिक कक्षा के विद्यार्थियों के लिए आनलाइन कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का संचालन छात्र आशुतोष तिवारी एवं रीतिका कनौजिया द्वारा किया गया। अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

## रोशनपुरा में हुई महाआरती

बसंत महोत्सव पर भोपाल क्षेत्र में लग रही शिक्षा की देवी सरस्वती जी की विभिन्न झाकियों में चल रहे कार्यक्रमों का नागरिकों में बहुत सरात्मक प्रभाव पड़ रहा है जिस प्रकार गणेश चतुर्थी और नवरात्री में शहर में जिस प्रकार का माहौल होता है वैसा ही माहोल शहर में दिखाई दिया। जिसमें रोशनपुरा कल्याण ज्वेलर्स पर लगाई गई प्रतिमा पर बसंत पंचमी पर भव्य महाआरती का आयोजन किया गया जिसका नेतृत्व पूर्व केबिनेट मंत्री उमाशंकर गुप्ता द्वारा किया गया कार्यक्रम का आयोजन नीरज प्रजापति एवं समस्त रोशनपुरा के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया।

## सोनागिरी में संगीतमय श्रीमद भागवत कथा

बसंत पंचमी के पावन पर्व पर इच्छापूर्ण महादेव मंदिर सोनागिरी में पुरोहित धीरज कुमार द्वारा संगीतमय श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिवस पर भव्य कलश यात्रा के साथ सरल शब्दों में कथा का महत्व व मानव जीवन में इसके उपयोग पर प्रकाश डाला गया। इस कथा में विशेष सहयोगी गोकुल प्रसाद कुशवाह व समस्त भक्तगणों ने भागवत का पूजन कर कथा का रसपान किया।

## बसंत पंचमी महोत्सव धूमधाम से मनाया

आदर्श योग आध्यात्मिक केन्द्र स्वर्ण जयंती पार्क में पानी के कुंड के पास कोलार रोड भोपाल पर योग साधको एवं प्रकृति प्रेमीजन द्वारा बसंत पंचमी महोत्सव धूमधाम से सामूहिक योग अभ्यास करते हुए मनाया गया। सुबह 8 से 9 बजे तक साधकों ने सभी के लिए स्वस्थ एवं सुखी जीवन के लिए प्रार्थना की। सभी अच्छी शिक्षा स्वास्थ्य प्राप्त करें। प्रमुख रूप से योग गुरु महेश अग्रवाल, संतोष, श्रीमती शिप्रा जैन सहित योग साधक उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी को विद्या की देवी सरस्वती की प्रतिमा भेट की गई। योग गुरु महेश अग्रवाल ने कहा कि नई विद्या सीखने की शुरुआत के लिए सबसे अच्छा दिन वसंत पंचमी है। देवी सरस्वती विद्या की देवी है और विद्या को सभी प्रकार के धन में सर्वश्रेष्ठ माना गया है। विद्या से ही सभी तरह की सुख - सुविधा और धन -संपत्ति प्राप्त की जा सकती है। योग करने से आत्मविश्वास बढ़ता है एवं जीवन में अनुशासन व्यक्ति को परिवार समाज एवं देश के लिए सेवा के लिए तैयार करता है।

# होमगार्ड की सेवाएँ अन्य विभाग भी ले सकेंगे : डॉ. मिश्रा

## म.प्र. होमगार्ड अधिनियम में संशोधन संबंधी अधिसूचना जारी

**भोपाल (काप्र)।**

**गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार के अन्य विभागों में होमगार्ड की तैनाती पर अब विभागों को कोई राशि नहीं देना पड़ेगी।**

मध्यप्रदेश होमगार्ड अधिनियम के नियम-29 में संशोधन कर दिया गया है। इस संबंध में मध्यप्रदेश के राजपत्र में अधिसूचना का प्रकाशन भी हो गया है। नियम संशोधन से आबकारी एवं खनिज जैसे विभागों में माफियाओं के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही करने में मदद मिलेगी। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने बताया है कि नियम संशोधन के पूर्व राज्य सरकार के विभागों में होमगार्ड की तैनाती करने पर वेतन भत्तों का डेढ़ गुना (150प्रतिशत) भुगतान करने का बँधन संबंधित विभागों पर था। अधिनियम में हुए संशोधन से अब यह बँधन राज्य सरकार के विभागों पर समाप्त हो गया है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के विभागों और निगमों में होमगार्ड की तैनाती पर पूर्ववत 150 प्रतिशत भुगतान की शर्त लागू रहेगी। प्रदेश में वर्तमान में लगभग 11 हजार होमगार्ड कॉल-ऑन (तैनात) हैं।

## कार्य में लापरवाही पर विद्युत वितरण कंपनी के दो इंजीनियर और एक लाइनमैन निलंबित

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देश पर भोपाल संभाग के बैरागढ़ उप संभाग में पदस्थ सहायक प्रबंधक (प्रभारी प्रबंधक) अशोक कुमार जैन, विद्युत वितरण केंद्र ईंटखेड़ी में पदस्थ सहायक प्रबंधक विनोद पाटिल और लाइन परिचालक कामता प्रसाद शर्मा को कार्यों में अनियमितता के कारण निलंबित कर दिया गया है।

सहायक प्रबंधक श्री जैन को ईंटखेड़ी विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत अस्थाई कनेक्शन दिए जाने के पर्यवेक्षण कार्य में लापरवाही बरतने के कारण निलंबित किया गया है। सहायक प्रबंधक श्री पाटिल और लाइन परिचालक श्री शर्मा को कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही एवं अनियमितता करने के कारण निलंबित किया गया है। उल्लेखनीय है कि ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने सुबह रासलाखेड़ी पहुँचकर बगैर विद्युत कनेक्शन के विद्युत बिल देने की जानकारी ली थी। उन्होंने अनियमितता करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश मौके पर ही दिए थे।

# ओला-वृष्टि से हुई क्षति की भरपाई करेगी सरकार : पटेल

**भोपाल ( काप्र )।** किसान-कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने मंगलवार सुबह ओला-वृष्टि की सूचना मिलने पर संबंधित जिलों के कलेक्टर और कृषि उप संचालकों को मौका-मुआयना कर सर्वे कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया है कि ओला-वृष्टि से रबी फसलों को हुई क्षति की भरपाई सरकार करेगी। कृषि मंत्री पटेल ने बताया है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर ओला-वृष्टि से प्रभावित फसलों के सर्वे के साथ फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराई जायेगी। गाँवों में क्षतिग्रस्त फसलों का आंकलन पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराया जायेगा। प्रभावित किसानों को आरबीसी-6 (4) के अंतर्गत राहत प्रदान की जायेगी। श्री पटेल ने कहा कि शिवराज सरकार किसान हितैषी सरकार है। हर प्रभावित किसान को नियमानुसार नुकसान का मुआवजा दिलाया जायेगा।

# नाबालिग ने बाथरूम में फंदे पर झूलकर की आत्महत्या

**भोपाल( काप्र )।** राजधानी के शाहपुरा थाना इलाके मे स्थित मल्टी में रहने वाली 15 वर्षीय नाबालिग द्वारा बीती रात घर के बाथरूम में फांसी लगाकर खुदकुशी किये जाने की घटना सामने आई है। फिलहाल आत्महत्या के सही कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। मामले में पुलिस ने मर्ग कामय कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस के अनुसार शीतल पिथलोदे पुत्री राजेश पिथलोदे (15) मल्टी नंबर एक शाहपुरा मे रहती थी, और घरो मे साफ सफाई का काम करती थी। उसके परिवार मे उसके पिता और के मां के अलावा पांच बहने हैं। बताया गया है कि किशोरी का पिता शराब का आदी ओर कोई काम नहीं करता है, फिलहाल वो शहर के बाहर गया हुआ है। मृतका की मां तथा अन्य तीन बहने भी बंगलों में काम करती हैं। पिता अक्सर बच्चों तथा पत्नी से शराब पीने के लिए पैसों की मांग को लेकर विवाद कर उनके साथ मारपीट करता था। परिजनों ने पुलिस को बताया कि उनका परिवार आर्थिक तंगी से जूझ रहा था, वहीं पिता द्वारा घर में कि जाने वाली मारपीट ओर झगडे ओर आर्थिक तंगी को लेकर शीतल मानसिक तनाव में रहती थी।


भोपाल सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ने दिल्ली में अमानुषिक हत्या के शिकार रिंकू शर्मा के निवास पर जाकर उनके परिजनों से भेंट की। जघन्य हत्या के शिकार युवा रिंकू शर्मा को श्रृद्धांजलि अर्पित कर परिवारजनों को विपदा की इस विपरीत घड़ी मे धैर्य धारण करने हेतु संबल प्रदान किया।

रात में सुनसान जगह में बैठने का पूछा कारण...

# बदमाश ने भागते हुए पुलिसकर्मी पर चलाई गोली

**भोपाल(काप्र)।**

**निशातपुरा इलाके में बेखौफ बदमाशों ने पुलिसकर्मी पर गोली चला दी। गनीमत रही कि गोली पुलिसकर्मी को नहीं लगी। घटना सोमवार रात 2 बजे विश्वकर्मा नगर की है। पुलिसकर्मी ने भाग रहे दो बदमाश में से एक को दबोच लिया। वहीं, दो अन्य को एक अन्य पुलिसकर्मी ने पहले ही पकड़ लिया था। एक फरार बदमाश की तलाश कर रही है।**

बदमाशों के पास से एक चोरी की बाइक भी बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों पर हत्या और शासकीय कार्य में बाधा डालने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। फरार आरोपी की पहचान सलमान के रूप में हुई है। उस पर चोरी, मारपीट के 12 से 14 मामले दर्ज है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि सोमवार देरात आरक्षक राजेंद्र रघुवंशी और राहुल सिकरवार विश्वकर्मा नगर में रात्रि गश्त कर रहे थे। शिव मंदिर के पास सुनसान जगह पर चार लोग बैठे थे। दोनों पुलिसकर्मी ने चारों बदमाश से पूछताछ शुरू की। तभी सलमान और उसका एक साथ भागने लगे। उनके दो साथी को राहुल सिकरवार ने पकड़ लिया। दोनों भाग रहे बदमाशों को पकड़ने के लिए राजेन्द्र रघुवंशी उनके पीछे दौड़े। तभी सलमान ने उनके ऊपर फायर कर दिया। इसके बावजूद आरक्षक ने एक बदमाश को पकड़ लिया। पकड़े गए तीनों आरोपियों के नाम आदिल, राजा और दुर्गा है।

## किन्नर को सरेआम दो बदमाशों ने मारी गोली, फरार

**भोपाल(काप्र)।**

कमला नगर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते किन्नर को पीएनटी चौराहे पर दो अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मार दी। आरोपी गोली मारकर बाइक से फरार हो गए। घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक पूछताछ में पुरानी रंजिश की बात भी सामने आई है। दरअसल, सिम्मी के गुरु देवी सिंह और एक अन्य गुट के बीच गुरु के पद को लेकर विवाद चल रहा है। पुलिस इस एंगल पर भी जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि तलैया इलाके की रहने वाली सिम्मी और उसके गुरु देवी सिंह पीएनटी चौराहे के पास होली का चंदा मांगने आए थे। दोपहर करीब साढ़े 11 बजे दोनों जीवन विहार कॉलोनी गेट के पास पहुंचे थे। इसी दौरान एक्टिवा सवार दो बदमाश आए। उन्होंने सिम्मी को गोली मार दी। पीड़ित को पटाखे जैसी आवाज आने के बाद दाहिने पैर में गोली लगने का पता चला। गोली चलाने के बाद दोनों आरोपी फरार हो गए। पीड़ित को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# खाना खाने दीनदयाल रसोई जा रहे मिस्त्री को रौंदा, लो फ्लोर बस ने लिया चपेट में, मौत

**भोपाल(काप्र)।**

**राजधानी के तलैया थाना इलाके में बीती देर शाम दीनदयाल सरोई में खाना खाने जा रहे एक मिस्त्री को तेज रफ्तार लाल बस ने अपनी चपेट मे ले लिया। हालांकि जानलेवा हादसे के बाद घायल को इलाज के लिये तुरंत ही हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चूकी थी। हॉस्पिटल मे डाक्टरों ने शुरुआती चेकअप के बाद ही उसे मृत घोषित कर दिया।**

हादसे को लेकर गुस्साए लोगों ने बस मे तोडफोड करते हुए उसके कांच फोड़ दिए। पुलिस ने दोनों मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाही शुरु कर दी है। तलैया थाना पुलिस के अनुसार 40 वर्षीय बाबूलाल कुशवाह मूल रुप से बिहार का रहने वाला था। मिस्त्री का काम करने वाला बाबूलाल वर्तमान मे तलैया थाना इलाके के ही भोईपुरा बुधवारा में किराए का मकान लेकर अपने 16 वर्षीय बेटे प्रिंस के साथ रहता था। उसके बेटे ने पुलिस को बताया कि उसके पिता बीती शाम करीब सात बजे खाने खाने का कहकर घर से बाहर गये थे। वो सुल्तानीया अस्पताल के सामने स्थित दीनदयाल रसोई में खाना खाया करते थे। वहीं पुलिस का कहना है, कि करीब साढ़े सात बजे उन्हें सुल्तानीया अस्पताल के सामने लाल बस नंबर एमपी04-टीए3203 ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद आसपास के लोगो ने तत्काल ही उन्हे अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद उनकी पहचान नहीं हो सकी थी।

## बाइक सवार मजदूरों को कार ने मारी टक्कर, एक की मौत

राजधानी के गुनगा थाना इलाके में बाइक पर सवार दो मजदूरों को बीती रात तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे मे घायल दोनों मजदूरों को इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चेकअप के बाद एक को डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया, वहीं दूसरे का उपचार जारी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। गुनगा थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कासिम खान पिता उमर खान (20) ग्राम रतुआ में रहता था। ओर गांव में ही एक क्रैशर प्लांट में मजदूरी का काम करता था। बीती रात करीब नो बजे वो अपने दोस्त हेम सिंह के साथ अपने निजी काम से ग्राम लालघांटी जा रहा था। इसी दौरान रास्ते मे छोटे मंदिर के पास भोपाल-बैरसिया रोड पर उसकी बाईक को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। लोगो ने 108 की मदद से घायल कासिम तथा हेम सिंह को उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया, जहॉ डाक्टरों ने कासिम को चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। जबकि हेम सिंह की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**खास-खबर** भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा...

# योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन एवं जनउपयोगी सेवाओं को बढ़ावा दिया जाए

**भोपाल (काप्र)।**

**भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के नगरीय निकायों में स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, दीनदयाल रसोई, आश्रय स्थलों का संचालन सहित अनेक कार्यों की निकायवार समीक्षा की गई।**

समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास मनीष सिंह एवं आयुक्त नगरीय प्रशासन निकुंज कुमार श्रीवास्तव ने नगरीय निकायों के अधिकारियों को योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने एवं जनउपयोगी सेवाओं को बढ़ावा देने के निर्देश दिए साथ ही और बेहतर कार्य कर सकारात्मक परिणाम के साथ ही निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के भी निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में कई नगरीय निकायों की स्थिति संतोषजनक न होने पर उन्हें कार्य में और बेहतर सुधार कर शीघ्रता से परिणाम देने के भी सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी, अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन श्रीमती रूचिका चौहान, निगम के अपर आयुक्तगण, संचानालय के संयुक्त संचालक, उप संचालक, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री एवं सी.एम.ओ तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग के परियोजना अधिकारियों एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की मंगलवार को नगर निगम भोपाल के आई.एस.बी.टी. स्थित सभागार में बैठक आहूत कर नगरीय निकायों में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। नगरीय निकायों में स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, नगरी निकायों के खातों का युक्तियुक्तकरण, दीनदयाल रसोई योजना, आश्रय स्थलों का संचालन तथा ठण्ड में की जा रही व्यवस्था, एन.यू.एल.एम. अंतर्गत प्रगति, राजस्व वसूली की स्थिति, एम.पी.यू.डी.सी, अमृत/मुख्यमंत्री पेयजल/मुख्यमंत्री अधोसंरचना, ईको मॉडल अंतर्गत सामान्य स्ट्रीट लाईट का एल.ई.डी. में परिवर्तन, मैं भी डिजीटल अभियान की प्रगति, भवन अनुज्ञा के प्रकरणों का समयसीमा में निराकरण की स्थिति, ई-नगर पालिका में मॉडयूल को निकाय में लागू करने की स्थिति, माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा, सी.एम.हेल्प लाईन, आगामी पांच वर्ष का रोडमैप सहित अनेक कार्यों की निकायवार एवं विषयवार विस्तृत रूप से समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास मनीष सिंह एवं आयुक्त नगरीय प्रशासन निकुंज कुमार श्रीवास्तव ने नगरीय निकायों के अधिकारियों को योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने एवं जनउपयोगी सेवाओं को बढ़ावा देने के निर्देश दिए साथ ही और बेहतर कार्य कर सकारात्मक परिणाम के साथ ही निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के भी निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में जिन नगरीय निकायों की स्थिति संतोषजनक न होने पर उन्हें कार्य में और बेहतर सुधार कर शीघ्रता से परिणाम देने के भी सख्त निर्देश दिए गए। आयुक्त श्री श्रीवास्तव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता के लिए घर-घर से कचरा एकत्रीकरण और गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र करने की प्रक्रिया को नगरीय निकाय शत्-प्रतिशत सुनिश्चित करें साथ ही ओ.डी.एफ में पूरी तरह से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।